तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

09 विष्णु के शासन में छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़ : तारिणी

10 ठंड की दस्तक के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार ...


## खबर संक्षेप

### कंडेल में कबड्डी आज

**धमतरी।** एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 20 का आयोजन ग्राम नवागांव कंडेल जिला धमतरी दिनांक 4 नवंबर को रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 3000, तृतीय पुरस्कार 200 रूपए रखा गया है।

### मां मावली पुरूर की मंडाई आज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम की अराध्य देवी मां मावली पुरूर की मंडाई 4 नवम्बर सोमवार को रखा गया है। ग्राम के सरपंच सुकीर्ति यादव ने बताया की गांव की परम्परानुसार दीपावली के बाद प्रथम सोमवार को गांव की अराध्य देवी मावली माता में मंडाई मेला का आयोजन किया जाता है जो कि क्षेत्र का प्रथम मंडाई होता है।

### मधुबन में मातर महोत्सव आज

**मगरलोड।** दीपावली गोवर्धन पूजा तथा भाई दूज के दूसरे दिन मधुबन धाम में मातर महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति 4 नवंबर सोमवार को मनाया जाएगा। ग्राम विकास समिति रांकाडीह के तत्वावधान में मातर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में सैकड़ो गांव की महिला, पुरुष शामिल होंगे। रात्रि में मनोरंजन के लिए बाल गोपाल गणेश उत्सव समिति के द्वारा चंदा के जोर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड होंगे। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों ने दी है।

### पांच आरोपी गिरफ्तार, गौरा गौरी विसर्जन यात्रा के दौरान उपजा था विवाद


# नाबालिग दे रही थी साथ, दूसरे नाबालिग ने चलाया चाकू, एक की मौत, दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शहर में 24 घंटे के भीतर हत्या की दूसरी वारदात हुई है। दूसरी वारदात गौरा गौरी विसर्जन के दौरान हुई, जिसमें पांच लोगों ने मिलकर विसर्जन यात्रा से लौट रहे दो युवकों पर हमला बोल दिया। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। वारदात में दो नाबालिग भी शामिल हैं, जिसमें एक तो लड़की है।

शहर में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। छोटी छोटी बातों पर विवाद इतना बढ़ जाता है, लोग चाकू निकालकर हत्या पर उतारू हो रहे हैं। मुजगहन में मात्र घूरकर देखने पर एक युवक की हत्या कर दी गई। वहीं शनिवार को गौरा गौरी विसर्जन के दौरान धक्का मुक्की करने के विवाद में पांच लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। एक अन्य युवक इस हमले से बुरी तरह से घायल है। घटना रात 10 बजे की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष नगर खम्हनबाड़ी में रहने वाले युवराज नाग, नवीन नाग, महेश देवांगन, गुलशन नाग, विशाल नाग, नीरज नाग, संतोष नाग, रितेश देवांगन के साथ लाल बगीचा के गौरी गौरा विर्सजन करने मुहल्ले


वालों के साथ मकई चौक नाचते गाते जा रहे थे। आरती मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड तक आये और वहां से सभी लोग पैदल पैदल अपने अपने घर जाने लगे। कलकत्ता फोटो स्टुडियो पुराना बस स्टैण्ड के पास पहुंचे थे तभी बाबर उर्फ लल्ला उर्फ जाबर खान, रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर खान, हेंमत उर्फ पन्नू सतनामी, एक नाबालिग लड़का और एक नाबालिग लड़की ने उनका रास्ता रोक लिया। गौरी गौरा विसर्जन यात्रा में नाचने के दौरान धक्का मुक्की करने का आरोप लगाकर वे विवाद करने लगे। इसी बीच बाबर उर्फ लल्ला उर्फ जाबर खान, रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर, हेंमत उर्फ पन्नू सतनामी मृतक युवराज एवं आहत नीरज नाग के हाथों को पकड़ लिया एवं मारपीट करते हुए नाबालिग लड़के को चाकू मारने बोला। एक नाबालिग लड़की उनका साथ दे रही थी। नाबालिग ने अपने पास रखे धारदार चाकू से युवराज एवं नीरज पर कई प्राणघातक हमला किया। इससे युवराज के सीने, नीरज के पेट, कंधा एवं कमर में गंभीर चोट लगी। इस दौरान वहां पर कई लोग उपस्थित थे, किसी ने भी आरोपियों को रोकने या पकड़ने की कोशिश नहीं की। इस हमले से युवराज और नीरज बेहोश हो गए। उनके साथियों ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से दोनों को बठेना अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान युवराज की मौत हो गई। रात में ही 11.10 नवीन नाग पिता नरेश नाग उम्र 26 साल ने सिटी कोतवाली में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा - 109(1),103 (1), 3 (5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी बाबर खान उर्फ लल्ला उर्फ जाबर, रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर, पन्नु उर्फ हेंमत चेलक को न्यायिक रिमांड पर भेजने की तैयारी है। वहीं नाबालिगों को बाल कल्याण समिति में पेश करने की तैयारी है। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, थाना प्रभारी अर्जुनी, थाना प्रभारी रूद्री, सायबर सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दहशत में लोग

लगातार चाकूबाजी की घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। इस बार तो आरोपियों में नाबालिग युवक के साथ नाबालिग युवती शामिल होना दहशत को और बढ़ा रहा है। इससे पहले भी शहर में युवतियां कई घटनाओं को अंजाम दे चुकी हैं। हाल ही में बाइपास रोड में एक युवक और युवती बच्चों को डराकर उनसे मोबाइल छीन लिए थे। अब तक उनका कोई सुराग पुलिस को नहीं लगा है। जानकारी के अनुसार नाबालिग युवकों के साथ युवतियां भी नशे का शिकार हो रही हैं। नशे की झोंक में वे बड़ी बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## भाई दूज पर छलका बहनों का प्रेम



**धमतरी।** अंचल में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों के आग्रह पर भाई उनके घर पहुंचे। जहां पर बहनों ने भाईयों की आरती तिलक कर मंगल कामना की। कई घरों में भाई और बहन ने उपवास रखा था। आरती तिलक के बाद उन्होंने एक साथ बैठकर भोजन किया और उपवास तोड़ा।

## राज गौरी गौरा का रात में हुआ धूमधाम से विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शनिवार रात को राज गौरी गौरा विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गाजे बाजे के साथ गौरा विसर्जन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

शनिवार को गोवर्धन पूजा के बाद विभिन्न वार्डों से राज गौरी गौरा का विसर्जन हुआ। नंदीचौक जालमपुर निवासी मोहित देवांगन, किशन साहू ने बताया कि वार्डों में स्थापित गौरी गौरा का विसर्जन गोवर्धन पूजा के पहले हो जाती है, लेकिन राज गौरी गौरा का विसर्जन गोवर्धन पूजा के बाद होती है। जालमपुर वार्ड स्थित कठौली तालाब में कुम्हारपारा, जालमपुर, बांसपारा, रामपुर, गोकुलपुर वार्ड से राज गौरी गौरा विसर्जन के लिए पहुंचते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग बाजे गाजे के साथ गौरी गौरा की अगुवाई करते हैं। इस दौरान आतिशबाजी अखाड़ा लोगों को खूब आकर्षित करते हैं। राज गौरी गौरा विसर्जन की सालो पुरानी परम्परा चली आ रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रही। इसी तरह बनिया तालाब में सिहावा चौक, मकेश्वर वार्ड, स्टेशनपारा, बनियापारा से राज गौरी गौरा का विसर्जन किया गया।


## गंगरेल मड़ई 8 नवंबर को

■ संतान प्राप्ति का आशीर्वाद लेने सैकड़ों महिला परण पड़ने पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

अंचल में प्रसिद्ध मां अंगारमोती माता गंगरेल का मड़ई 8 नवंबर शुक्रवार को होगा। आयोजक समिति ने मडंई मेला की तैयारी शुरु कर दी है। ज्ञात हो कि इस मड़ई का इंतजार सैकड़ों लोगों को बेसब्री से रहता है। इस दिन संतान प्राप्ति सहित मनोकामना पूर्ति के लिए परण पड़ने की परम्परा आदिकाल से चली आ रही है।

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती माता के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार दीपावली के बाद आने वाले शुक्रवार को गंगरेल मड़ई का आयोजन किया जा जाता है। जिसमें 54 गांव के देवी देवताओं को आमंत्रण दिया गया है। कांकेर-केशकाल के आंगा देवता सहित एतराब के अनेक देव विग्रह माता के मड़ई में शामिल होंगे। उन्होंने बताया मडंई को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। दूर दराज से महिला पुरूष अपनी मनोकामना को लेकर इस अवसर का बेसब्री से इंतजार करते हैं।



***संतान प्राप्ति का मिलता है आशीर्वाद:*** मां अंगारमोती के मड़ई में अंचल की संस्कृति एवं परम्परा का अद्भुत संगम होता है। आसपास के 54 गांवों से देवी देवता सहित देव विग्रहों का आगमन होता है। इस मौके पर दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। खास वजह है कि महिलाएं बड़ी संख्या में संतान प्राप्ति के लिए परण पड़ने के लिए आते हैं। रविवार को रायपुर, केसला, महासमुंद से पहुंचे सीताबाई, सुनीता, अनीता, रामबाई ने बताया कि वे संतान की कामना को लेकर गंगरेल मडंई की जानकारी लेने पहुंचे हैं। 8 नवंबर को मडंई का आयोजन होगा। जिसमें वे शामिल होकर परण पड़ने की परम्परा का निर्वहन करेंगे।

### इतवारी बाजार अपडेट

### शार्टेज की स्थिति से रेट बढ़ा उपभोक्ता परेशान

# थोक मंडी बंद रहने से बाजार में हरी सब्जियों की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

दीपावली त्योहार के मद्देनजर श्यामतराई स्थित थोक सब्जी मंडी चार दिनों तक बंद रहेगी। आगामी मंगलवार को सब्जी मंडी में बोली लगेगी। बंद की स्थिति में शहर के चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों की किल्लत हो गई है। शार्टेज के कारण हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। सब्जियों के अनाप-शनाप रेट से उपभोक्ता परेशान हैं। सब्जी मंडी बंद होने का चिल्हर व्यापारी खूब फायदा उठा रहे हैं। जिसके मन में जो भाव आया वहीं रेट बेच रहे हैं। हरिभूमि ने इतवारी बाजार की पड़ताल की तब पता चला कि कुछ जगहों पर गोभी, टमाटर जैसी सब्जियों के दाम 100 रूपये प्रति किलो है तो कुछ व्यापारी 40 से 50 रूपये किलो बेच रहे हैं।

हरा धनिया 300 से 400 रूपये किलो बिक रहा है। पालक, चौलाई, लालभाजी 80 रूपये किलो है। सब्जी उत्पादक कृषक एवं व्यवसायी तोरण सोनकर ने बताया कि बाड़ियों से सीधे बाजार आने वाली सब्जी का रेट सामान्य है। लोगों को वाजिब दर पर सब्जी बेच रहे हैं। वहीं बिचौलियों द्वारा बेची जा रही हरी सब्जी डबल रेट में है। उन्होंने बताया कि सब्जियों का सामान्य रेट अभी भी है लेकिन कुछ कोचिये रेट बढ़ा दिए हैं। बाड़ी से आने वाली सब्जियों में कुम्हड़ा, तोराई, डोड़का, भटा, केला, मूली, लौकी, भिंडी 40 रूपये किलो है। बरबटी, कुंदरू, पालक, लालभाजी, टमाटर 60 रूपये किलो बिका। करेला, गोभी, ग्वारफली 80 रूपये किलो रहा। शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 120, अदरक 120, हरा धनिया 300 रूपये किलो रहा। मुनगा, ढेंस, सेमी 100 रूपये किलो बिका।




### बाजार रहा बेजान

त्योहार सीजन खत्म होने के बाद रविवार को इतवारी बाजार पूरी तरह फीका रहा। सूनापन के कारण व्यवसायी भी परेशान रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से ग्राहकी बिल्कुल भी नहीं आई। पसरा व्यवसायी भी नहीं दिखे। बाजार परिसर में इक्का दुक्का ही व्यवसायी नजर आए। लोगों को पता है थोक सब्जी मंडी सोमवार तक बंद रहेगी इसलिए लोग महंगे सब्जी लेने की बजाय सूखे सब्जियों से काम चला रहे हैं।

### आलू 40, प्याज 60 में बिका

रविवार को किराना सामानों के खरीदार भी कम दिखे। बाजार से रौनक गायब रही। ग्राहकी कमजोर रहने से रेट भी स्थिर है। किराना व्यापारी देवकुमार ने बताया कि रविवार को आलू 40, प्याज 60, शक्कर 42, गुड़ 50, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसून 300, रिफाइंड तेल 135, सरसों 70, मेथी 80, राहर दाल 160, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना 90, काबुली 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 100 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 75 रूपये दर्जन रहा।

## राज्य स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कल




■ कार्यक्रम स्थल एकलव्य खेल मैदान में तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

छग राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिले में एक दिवसीय कार्यक्रम 5 नवम्बर मंगलवार को एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया गया है, जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। कार्यक्रम के लिए मैदान में आकर्षक रंग-बिरंगा पंडाल बनाया गया है। मंचीय कार्यक्रम के लिए मंच को सजाया गया है। अतिथियों एवं आम नागरिकों के लिए उचित स्थान बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। तेज रोशनी के लिए मरकरी लाइट लगाया गया है। गत दिनों तैयारियों का जायजा कलेक्टर नम्रता गांधी ने लिया है। कार्यक्रम स्थल में शासन के सभी विभागों की विशेष उपलब्धियां, महत्वपूर्ण योजनाएं, परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसकी सतत निगरानी में सजावट का काम पूरा हुआ है। सीईओ जिला पंचायत इस संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी हैं। कार्यक्रम पश्चात कलाकारों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, स्मृतिचिन्ह आदि दिए जाएंगे। सुरक्षा एवं यातायात की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को दी गई है। सभी अतिथियों, आगंतुकों, नागरिकों को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। मंच व्यवस्था, बेरिकेट्स, बैठक, स्टेज, ले आउट, प्रदर्शनी, पंडाल आदि की व्यवस्था पूरी हो चुकी है। विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, साउंड सिस्टम की व्यवस्था कर ली गई है।

### तैयारियों में जुटे व्रती परिवार, 36 घंटे तक रखेंगी निर्जला उपवास, संध्या और सूर्योदय पर देंगी अर्घ्य

# चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत कल से

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

उत्तर भारतीय परिवारों का सबसे बड़ा त्योहार छठ महापर्व की शुरूआत 5 नवम्बर मंगलवार को नहाय खाय से शुरूआत होगी। इसके लिए सभी व्रती परिवार तैयारियों में जुट गए हैं। शहर में दो स्थानों पर इसकी सामूहिक वृहद कार्यक्रम आयोजित की जाती है, जिसमें से आमातालाब व रूद्रेश्वर घाट प्रमुख है। जहां पर सभी परिवार साफ-सफाई करने में जुट गए हैं।

व्रती परिवार विनोद चौधरी, अनामिका चौधरी, ओम चौधरी, अशोक चौधरी, प्रमिला चौधरी, राजू गुप्ता, रामकुमार अकेला, सुनीता यादव, प्रकाश झा,



अभिषेक चौधरी, विवेक चौधरी, कुंदन यादव, प्रभात यादव आदि ने बताया कि छठ महापर्व की उपासना करने वाला जिले में 500-600 परिवार निवासरत है, जो आमातालाब और रूद्रेश्वर घाट में सामूहिक रूप से पूजा-



अर्चना करते हैं। इस चार दिवसीय महापर्व में व्रत रखना काफी कठिन होता है। व्रतधारी एवं उनके परिवार को चार दिन तक कठिन तपस्या करना पड़ता है। यह व्रत सूर्य देवता को समर्पित है। व्रतधारी अपने परिवार की दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

उन्होंने बताया कि छठ पूजा का पहला दिन मंगलवार को नहाय खाय से शुरू होगी। इस दिन व्रती महिलाएं सुबह उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर नए वस्त्र धारण कर सूर्यदेव को जल अर्पित करती है। इसके बाद सात्विक आहार ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करती हैं। दूसरा दिन खरना होता है। इस दिन व्रती महिलाएं पूरा दिन व्रत रखती हैं। रात में खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ करती हैं। व्रत के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसमें सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना होगी। चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। इस दिन व्रती महिलाएं सुबह के समय तालाब, नदी, सरोवर के पानी में कमर तक खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देंगी। अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलेंगी।

### आमातालाब परिसर में गंदगी



छठ महापर्व की सामूहिक पूजन करने वाले स्थल आमातालाब कचरे और गंदगी के ढेर से अटा पड़ा है। व्रती परिवारों ने बताया कि प्रशासन को सूचित करने के बाद भी यहां साफ-सफाई नहीं की गई। अब ऐसी स्थिति में व्रती परिवार रविवार, सोमवार को सामूहिक रूप से साफ-सफाई करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि यहां पर शराब की टूटे बोतल, झिल्ली, प्लास्टिक, पूजन सामग्री का अवशेष, मानव व पशु मलमूत्र चारों ओर बिखरे हुए हैं, जिसकी सफाई आवश्यक है।

## पाठक सूचना




धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**मातर महोत्सव :** परम्परा का निर्वहन करते हुए विधि विधान से किया गया पूजा अर्चना, राउत नाचा में लगा छत्तीसगढ़ी दोहा

# अंवरी अंचल के गांवों में मातर तिहार की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के गांवों में भाईदूज के दिन मातर तिहार की धूम रही। ग्रामीण परंपरा, सामाजिक ताना बाना और रहन सहन से जुड़े इस पर्व को लोगों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए। शहर में आज लोग बदलते दौर के साथ पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं, लेकिन गांव की परम्परा बदस्तूर जारी है। दीवाली खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के गाँव भैसबोड़, सेमरा, सुपेला, सिलतरा, जोरातराई, पुरेना, कोलियारी, भेड़सर, सिंगदेही, सिर्वे, भखारा, भठेली, कोसमर्रा, नवागाँव, बंगोली, बंजारी, बगौद, कुर्रा आदि गांवों में मातर तिहार धूमधाम से मनाया गया। ये ग्रामीण क्षेत्रों का प्रमुख पर्व होता है। इसमें खास तौर पर ग्राम देवता, गोधन की पूजा होती है।









करतब दिखाए जाते हैं और पूरा गांव उत्सव मनाता है।

इस अवसर पर यादव समाज द्वारा अंवरी के गौशाला चौक में पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए पुरे विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के भाइयों द्वारा कुछ छत्तीसगढ़ी दोहा बोलते हुए राउत नाचा किया गया। साथ में कलश यात्रा भी निकाला गया जिसमें पूरे गांव का भ्रमण किया गया। यादव समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम जैसे बालिकाओं के द्वारा सुवा नृत्य, रिकॉर्डिंग डांस आदि की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में लेखराम साहू, बालाराम ध्रुव, कुलजंनसिंह ठाकुर, यादव समाज के लोग पवन यादव, मूलचंद यादव, सालिक यादव, कुमान यादव, जगत यादव, कलीराम यादव, हिरऊ यादव, प्रेमलाल यादव एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहकर मातर महोत्सव का आनंद लिया।

### क्या है मातर

छत्तीसगढ़िया ग्रामीण परिवेश में मातर उत्सव का अलग स्वरूप देखने को मिलता है। मातर तिहार में ही दीवाली उत्सव चरम पर रहता है । ये पर्व ग्रामीण परंपरा, सामाजिक ताना बाना और रहन सहन से जुड़ा हुआ है। इसमें ग्राम देवता की पूजा होती है। साथ ही गोधन की भी पूजा होती है । इस दिन पूरा गांव एक साथ गौठान पर इकट्ठा होता है, जहाँ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

### करतब का हुआ प्रदर्शन

अंवरी में मातर अनूठे तरीके से मनाया गया। गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए। कोई साइकल को दांतों से उठा कर घुमाता दिखा। कोई पानी से भरे गुंडी को दांतों से उठा कर सीढ़ी पर चढ़ गया। कोई कील के ऊपर सो कर अपने ऊपर अपने साथी को चढ़ा कर करतब दिखाता रहा। अनोखे साहसिक करतब देख कर लोग हैरान होते रहे ।

# दीपक गुहा ने अयोध्याधाम में मंच संचालन कर बढ़ाया छग का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम मरौद धमतरी छग निवासी दीपक गुहा मानस दर्शन जीवन अर्पण प्रमुख ने 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर युगतुलसी पद्म विभूषण पं श्रीरामकिंकर महाराज के जन्म महोत्सव व दीपोत्सव के अवसर पर श्री रामायणम्-अयोध्याधाम में माँ मंदाकिनी श्रीरामकिंकर के पावन सान्निध्य में विश्वविख्यात संत मोरारी बापूजी, स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज, स्वामी श्रवणानंद महाराज, बॉलीवुड अभिनेता व साहित्यकार आशुतोष राणा, फिल्मी सितारे, सम्पूर्ण भारतवर्ष के संत, महन्त, पीठाधीश्वर, महाराज के शिष्यगण, श्रोता व रामभक्तों के मध्य अपनी विशिष्ट शैली से सफल मंच संचालन किया व जिला धमतरी सहित पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। आस्था चैनल पर




जिसका प्रसारण किया गया। जिसको लाखों करोड़ों लोगों ने निहारा।

उनकी इस उपलब्धि पर राजमानस संघ धमतरी छग के पं अर्जुनपुरी गोस्वामी, गोपाल वर्मा, जगदीश देशमुख, सीताराम साहू, मुन्नालाल देवदास, नारायण साहू, डॉ भूषण चन्द्राकर, जेएल देवांगन, दयाराम साहू, डॉ संतोष साहू, डॉ कैलाश गर्ग, उपेंद्र भट्ट, संजय नागदेव, चैतराम साहू, मानसिंह साहू, पं पीलाराम शर्मा, रामराजेश साहू, संयोजकगणों में कुम्भकरण सिन्हा, आत्माराम साहू, देवलाल सिन्हा, पिंटू पटेल, रामकुमार प्रजापति, भूपेश बनपेला, विष्णु साहू, मेसुल साहू, के कोमरे, गजेंन्द्र वर्मा, बिहारी यादव, हेमराज भार्गव, छगन साहू, नूतन साहू, अंजलि गुहा, सविता सोन, विनीता धीवर, महेश्वरी वर्मा, वंदना साहू, संजना सिन्हा, प्रतिभा साहू, कल्याणी सेन, सरस्वती साहू, सिवनीकला के दाऊ टिकेश्वर चन्द्राकर, चंद्रप्रकाश साहू, ईश्वर साहू सरपंच, कपिल पटेल, सुरेश तारक, सुरेश साहू,दीपदान साहू, कुंजीलाल साहू, प्राचार्य टीआर पटेल सहित व्याख्याता एनएस साहू, प्रभा ठाकुर, रोहिणी कोसरे, ललिता साहू, टिकेश्वरी साहू, डीडी निर्मलकर एवं समस्त जिलों के मानस संघ से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बच्चों ने खूब पटाखे फोड़े, गौ माता को खिचड़ी खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम राजपुर में दीपों का पर्व दीपावली त्यौहार बड़ी ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 31 अक्टूबर को गुरुवार को सभी के घर दीये की रोशनी से जगमगा उठे। घरों को आकर्षक झालर, रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया था। बच्चे, युवाओं ने लुंगी पटाखा, अनारदाना, गैसबत्ती, ताजमहल, एटम बम, रॉकेट आदि पटाखों का खूब आनंद लिया। छत्तीसगढ़ की परंपरा संस्कृति व आदिवासी संस्कृति को बनाए रखते हुए पंचायत सचिव दूज राम ध्रुव व डोमार ध्रुव के घर गौरी गौरा मूर्ति बनाई गई थी। बाजे गाजे के साथ गौरी गौरा को गौरा चावरा में स्थापित किया गया। गौरा चावरा में पूजा अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। पंचायत सचिव दूज राम ध्रुव ने बताया कि उनके यहां गौरी गौरा मूर्ति बनाने की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। पूरे परिवार के साथ मिलकर गौरी गौरा मूर्ति बनाई जाती है। जिससे परिवार में एक अलग ही उत्साह रहता है।

■ राजपुर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई






2 नवंबर शनिवार को ईश्वर गौरी गौरा मूर्ति की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान महिला पुरुष श्रद्धालुओं के गौरी गौरा की पूजा अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि कामना की। मूर्तियों को गौरा तालाब में विसर्जित किया गया। वहीं यादव बंधुओं द्वारा दोहा की आवाज लगाते हुए गायों को सोहाई बांधी गई। पश्चात गौ माता को खिचड़ी खिला कर आरती उतारी गई। शाम को साहड़ा देव के पास गोवर्धन पूजा की गई। किसानों ने एक दूसरे को गोबर का टीका लगाकर गोवर्धन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। 3 नवंबर को मातर मड़ाई का आयोजन किया गया। डांग डोली झूमते नाचते मातर स्थल पहुंचे। ग्राम अर्जुनी के अखाड़ा दल ने हैरत अंगेज कला का प्रदर्शन किया। खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सरपंच प्रीत बाई कंवर, फग्गू यादव, धनजीत यादव, विजय यदु, गणेश यादव, हेराम यादव, प्रीतम यादव, कमल यादव, मन्नू यादव, गिरवर यदु, हुकूम यादव, गोपाल निषाद, देवलाल कंवर, नंदलाल निषाद, कमल नारायण यदु, सीताराम यदु, राधेश्याम यदु, गंगाराम यदु, ओंकार यादव, शिव यादव, रामदुलार यादव, सोमनाथ यादव, टार्जन यादव, बैगा खेलन निषाद, रामसाय सिन्हा, राकेश निषाद, टेकराम निषाद, पुनत निषाद, बिरझू कंवर, मिलन कंवर, रोहित पटेल, महेंद्र सिन्हा, रेखराम ध्रुव, नंदकुमार सिन्हा, यादराम साहू, गुहलेद कंवर, लाला साहू ,थानू निषाद, भगवंत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# यादव समाज ने सांकरा में गोवर्धन पूजा पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम सांकरा के साहड़ा देव स्थल पर सर्व यादव समाज द्वारा परम्परागत चली आ रही गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया जिसमें आमंत्रित गांव के देवी देवता शामिल हुए। सर्व यादव समाज सांकरा द्वारा सर्व प्रथम सांहड़ा देव स्थल पर पंडित उदेभानू दीवान, ग्राम समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, टिकेश्वर साहू, राजू पटेल, भरोस साहू, उदेराम साहू, छगन साहू, रवि यादव, जन्मेजय साहू, बलदाऊ यादव, केशनाथ यादव, दुर्गेश यादव, ओमकार साहू शिक्षक सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में सांहड़ा देव की विधिवत पूजा अर्चना कर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम मौहाबहरा का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्व यादव समाज सांकरा द्वारा छोटे छोटे बच्चों को भगवान कृष्ण, बलराम की वेशभूषा में गांधी चौक से साहड़ा देव स्थल तक यादव समाज नाचते गाते आये व गांव के देवी देवताओं द्वारा गोवर्धन पूजा की परम्परा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर सुलोचना साहू जनपद सदस्य, शशि ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा सहित गांव के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।



इस कार्यक्रम में यादव समाज से बलदाऊ यादव, श्रवण यादव, पोखराज यादव, हेमंत यादव, लखन यादव, दुर्गेश यादव, डागरू यादव, वासु, केशनाथ, संतोष, भीम, भोजराज, लिलेश, राजू, संतोष, टिकेश, ओमकार, भुपेंद्र, लोकेश, रवि, उदे, प्रवीण, कमलेश, दिलीप, प्रवीण यादव, रतन यादव, तोकश यादव, सेवक यादव सहित सांकरा क्षेत्र के यादव समाज व समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छोटे-छोटे बछड़े को खिचड़ी खिलायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी सिहावा क्षेत्र के वन अंचल ग्राम मेचका सोंढूर में तीसरे दिन गोवर्धन पूजा अन्नकूट धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किसान मन्नूलाल ने बताया कि गांव में गोवर्धन पूजा सामूहिक रूप से नहीं किया जाता है गांव में पशुपालक अपने घर में गोवर्धन के दिन गाय बैल को नहलाकर पूजा अर्चना कर अपने अपने घर में खिचड़ी खिलाते हैं। साथ ही गांव की परंपरा अनुसार एक दूसरे के घरों में जाकर मवेशियों को खिचड़ी खिलाई गई। चरवाहा बंधुओं द्वारा गाय बैलों को रंगीन सुहाई-गैंठा पहनाया गया। इस अवसर हुलेश प्रजापति, नवीन भोलू कीर्ति यमुना ने पारिवारिक सदस्यों के साथ अपने घर के कोठे पर पूजा अर्चना कर गाय बैल छोटे छोटे बछड़ों को खिचड़ी खिलायी।



## झिरिया में धूमधाम से किया लक्ष्मी माता का विसर्जन



**पुरी।** ग्राम पंचायत झिरिया में पटेल पारा के युवाओं के द्वारा डीजे के साथ धूमधाम से लक्ष्मी माता का विसर्जन किया गया।

# उमरगांव में दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम उमरगांव में दीपावली का पर्व शांति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। पर्व मनाने में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल रहे। हर घरों को दीपों से जगमगाया एवं रंगोली से सजाकर फटाके फुलझड़ी जलाकर पहले दिन लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई। रात में गौरा गौरी का पूजा कर महिलाओं ने सोहर गीत गाया। दूसरे दिन गौरा गौरी की विसर्जन कर गोवर्धन पूजा कर हर घर में गाय बैल को खिचड़ी खिलाया गया।

■ गांव-गांव घर के आँगन दीपों से जगमगाते रहे





गांव में गोवर्धन चौक पर सामूहिक रूप यादव समाज द्वारा से गोवर्धन पूजा किया गया। इस अवसर लिलाम्बर सुर्यवंशी, धनीराम साहू, ईश्वर पटेल, मोहन पुजारी, चन्द्रभान यादव, कृष्ण मारकोले, सीताराम मरकाम, नारायण दास, लखन पुजारी, मंशा सोम, जनक साहू, अंगेश हिरवानी, देवेंद्र सेन, सुरेश मरकाम ग्राम पुजारी, दुलेश यादव, पतराम यादव, टेमन यादव, तुलसी साहू, तुकाराम निषाद एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## किसानों ने खिलाए मवेशियों को खिचड़ी

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में किसानों ने गोवर्धन पूजा के दिन अपने पालतू मवेशियों को विधि-विधान पूर्वक पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# दुर्घटनाग्रस्त गाय को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

आज की दुनिया में लोग गौ भक्ति की ढोंग भर करते है लेकिन शिक्षक नोहरराम सांडिल ने गौ भक्ति का मिशाल पेश किया है। एक मवेशी नेशनल हाईवे में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें उसके पैर बूरी तरह टूट गए थे। शिक्षक नोहरराम सांडिल ने तुरंत ग्राम की सरपंच श्रीमती सीमा बघेल को सूचना दिया। सरपंच महोदया ने सहृदयता दिखाते हुए वाहन व्यवस्था कर मवेशी को कांजि हाउस पहुंचवाया। फिर शिक्षक नोहरराम सांडिल ने डॉ. दुलारूराम साहू से मवेशी का इलाज कराया और पूरे तीन माह तक उस मवेशी का इलाज और सेवा किया। डॉ. दुलारूराम साहू ने भी निःशुल्क मवेशी का इलाज किया। मवेशी को पूरी तरह स्वस्थ हो जाने पर गोवर्धन पूजा के दिन पूजा पाठ करके खिचड़ी खिलाकर कांजीहाऊस से मुक्त किया गया।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत दरबा की सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, जनपद पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम साहू, शिक्षक नोहरराम सांडिल, राजू बघेल, थनवार साहू, श्री चंद्राकर वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## कालेज छात्रों ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी कृष्ण कुमार देवांगन, पंकज जैन एवं कुशलचंद चोपड़ा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्रांगण में स्वीप दीपावली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी, कैम्पस अंबेसडर एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वीप दीपावली के माध्यम से आगामी नगरपालिका एवं जिलास्तरीय पंचायत चुनाव में सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201


## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा में निकाली गौरा-गौरी की शोभायात्रा



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। 1 नवंबर को माता लक्ष्मी की पूजा और 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा की गई। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मूर्तियों को गांव की गलियों का भ्रमण कराकर गौरा चौरा में स्थापित किया गया। गौरा-गौरी जगाने की रस्म पूरी की गई। दूसरे दिन शनिवार को विसर्जन किया गया। मौके पर ग्राम के गणमान्य प्रमुख जन मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में दीपो का त्योहार दीपावली को धूमधाम से मनाया गया। दिवाली की खुशियां मनाने के लिए लोगों ने पटाखे फोड़े। पूजा अशोक बोथरा ने कहा इस बार दीपावली दो दिन की होने के कारण त्यौहार का अलग ही महत्व था। बच्चों ने फुलझड़ियां और अनार जलाए, वहीं बड़ों ने देर रात तक तेज आवाज वाले पटाखे फोड़े।

### कॉलेज छात्रों ने दिया मतदाता जागरुकता संदेश



**धमतरी।** कंडेल कॉलेज के छात्रों ने गौरा-गौरी निकालकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर में सुआ नृत्य के साथ प्रारंभ हुई। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि ऐसे युवा जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम फार्म छह भरकर दर्ज करा सकते हैं। प्राचार्य रविशदास ने आकर्षक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, संजय पवार, नूतन दीवान, कमलेश दीवान, लक्ष्मण सेन, मानू नारायण सारथी, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, साकेत टिकेश्वर, टिकेंद्र वर्मा, सविता लहरे, कैंपस एम्बेसडर ममता साहू एवं तुषार साहू उपस्थित थे।

### स्पर्श ग्रुप ने 10,000 से अधिक कपड़ों का किया वितरण





**धमतरी।** महालक्ष्मी इनक्लेव के सामने नेकी की कुटिया में 29 अक्टूबर को स्पर्श ग्रुप परिवार द्वारा प्राप्त कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया गया। सभी उम्र के कपड़े, गर्म कपड़े, साड़ियां, ब्लैंकेट, बेड शीट, पर्दे, सोफा कवर का वितरण किया गया। यह शिविर दोपहर 3 बजे से देर शाम तक चला। शिविर में 10,000 से अधिक कपड़ों का वितरण किया गया। शिविर में स्पर्श ग्रुप के सदस्य डॉ अभिषेक गोयल, डॉ भूपेन्द्र सोनी, डॉ राकेश सोनी, डॉ. राकेश साहू, डॉ. शेषनारायण चंद्राकर, दीपमाला साहू, सुनील साहू, बेबी समृद्धि साहू, कुलेश्वर भांडेकर, दुर्गा जैन, अदिति ध्रुव, धनसिंह टंडन, देवेंद्र सिन्हा, आशीष निर्मलकर, भोला सोनी उपस्थित थे।

### मंच ने धर्म को मजबूत करने युवाओं से किया आह्वान



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच लगातार हिन्दू समाज को जागृत, संगठित, सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है। इसी तारतम्य में हिन्दू जागरण मंच के संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद, प्रतीक सोनी, युवा आयाम एवं प्रचार आयाम आशीष शर्मा, जिला दायित्व एलके साहू, भोलाराम साहू, सौरभ मिश्रा, कुमार सिन्हा, सुनील सोलंके, चंद्रकला साहू ने ग्राम भेड़सर (भखारा) में मंच के प्रमुख उद्देश्यों को युवाओं के बीच रखा तथा समाज से आग्रह किया कि हम सभी को एकजुटता का परिचय देना होगा। धर्म को मजबूत करना होगा। मंगलवार को युवाओं ने हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति, हनुमंत लला की आरती की। इस दौरान मंच द्वारा तुलेश्वर साहू, मोनेश साहू, इशु साहू, सुमित साहू, सोमप्रकाश साहू, कौशल ध्रुव, कुलदीप साहू, राकेश साहू, डाकेश्वर साहू, किशन साहू, लोकेश साहू, उतरा सेन, भारती साहू को अहम जिम्मेदारी दी गई। मौके पर डोमेश साहू, सुमित साहू, आयुष साहू, देवेंद्र साहू, अनिल धीवर, झम्मन धीवर, हेमंत साहू, ईश्वर साहू, मनहरण धीवर समेत बड़ी संख्या में युवक उपस्थित थे।

### उड़ेना में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा



**पुरी।** ग्राम पंचायत उड़ेना में धूमधाम से गोवर्धन पूजा मनाया गया।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में कर रही है डोर-टू-डोर प्रचार

# विष्णु के शासन में छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़ : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तारिणी नीलम चंद्राकर वर्तमान में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में डोर टू डोर जनसंपर्क में बतौर सहप्रभारी वहां के विधायक प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में प्रचार कर भाजपा सरकार की नाकामियों को गिना रही है।

प्रचार के दौरान सह प्रभारी श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि विष्णु के सुशासन में 9 माह में छत्तीसगढ़ के हर कोने में नशा का कारोबार वृहद रुप से फल-फूल रहा है। लगातार अपराध इस कदर बढ़ा है कि हर जगह चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार, मारपीट, छेड़खानी जैसे अपराध हो रहे हैं। बीते 9 माह के अन्दर ऐसे ऐसे कांड हुए हैं जो कभी आजादी के बाद भी नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट है की विष्णु देव का सरकार पर कंट्रोल नहीं है। जिसके लिए रायपुर दक्षिण की जनता के पास इनको जवाब देने का समय है वे कांग्रेस प्रत्याशी को जिताकर संदेश दे की इस सरकार की नीति से जनता त्रस्त है। उन्होंने बताया कि दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी जो खड़े हैं वो पूर्व में सबसे निष्क्रिय सांसद रह चुके हैं। ऐसे में कैसे विधानसभा चलाएंगे इसलिए चालीस साल के बाद दक्षिण की जनता युवा आकाश शर्मा के साथ चलने तैयार हो रहे हैं और उनका हाथ मजबूत करके जनता की आवाज बुलंद करें।

श्रीमती चंद्राकर ने कांग्रेस प्रत्याशी के साथ पार्षद आफिस से दुर्गा चौक, दंतेश्वरी चौक, सोनकरपारा, कुआंपारा, जागृति स्कूल से ठाकुर देवपारा, बम्लाईपारा, लोहारपारा, गणेश चौक, चिर्रापारा, गोडपारा सतनामी पारा, श्रीराम चौक से साहू पारा में प्रचार किया। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, लेखराज सोनकर, रवि विश्वकर्मा, सुरेश साहू, भागवत सोनकर, ब्रम्हा सोनकर, कशिश चंद्राकर, सजल चंद्राकर, भुमिका ध्रुव, दिनेश निर्मलकर गुलाब साहू लखन साहू मुन्ना बनौटे शंकर सोनकर एवं सेक्टर प्रभारी, सेक्टर अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षगण उपस्थित थे।

# अंवरी में धूमधाम से मनाई गई दीपावली

■ आदिवासी समाज ने अपनी संस्कृति का किया निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



शनिवार को अंवरी में दीपावली का पर्व धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। अंवरी सहित अंचल में रोशनी के इस पर्व के प्रति हर वर्ग ने दीयों की जगमग रोशनी और फटाखों की गूंज से इस महा उत्सव की खुशियों से क्षेत्र को सराबोर कर दिया।

सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्साह चरम पर था। मनभावन रंगोली और साफ सफाई से घर-आंगन में रौनकता रही। शाम होते ही जगमग दीयों की रोशनी से मनमोहकता बढ़ने लगी। वहीं शुभमुहूर्त में धन की देवी महालक्ष्मी की पूजा अर्चना आरती करते हुए जीवन की खुशहाली के साथ धन के भंडार के सदा भरे रहने की मंगलकामना की गई। इसी तरह रात्रि में ही विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीतों की गूंज व गाजे-बाजे की आवाज गूंजने लगी थी। विधिवत रूप से गौरी-गौरा की स्थापना की गई। साथ ही आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। जिसमें आखाड़ा दल द्वारा अखाड़ा का कार्यक्रम, कर्मा नृत्य की प्रस्तुति, सुवा नृत्य की प्रस्तुति, गोड़ समाज की युवक युवती के द्वारा गोंडी संस्कृति पर आधारित रेलापाटा, रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं लोगों ने एक-दूसरे से मेल-मुलाकात कर आपसी भाईचारे व प्रेम सद्भाव के साथ इस त्यौहार को मनाया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज प्रमुख कुलंजन सिंह ठाकुर, चिंता राम मरकाम, गणेश ध्रुव, बाला राम ध्रुव, मंच संचालक फलेन्द्र ध्रुव, खूबलाल ध्रुव, बंटी मंडावी, रवि मंडावी, पीयूष ध्रुव, विक्की, रतन, बाल गोविन्द, खिलेश, नोहर, अजय आदि का योगदान रहा।

# आज से संभाग स्तरीय आंदोलन होगा : नरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी(धमतरी)

छत्तीसगढ़ सरहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 की प्रांतीय संगठन के आह्वान पर जायज लंबित 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर 2024 दिन सोमवार से प्रदेश के सभी संभाग में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ होगी। इस तारतम्य में गांधी मैदान धमतरी धरना स्थल पर संभागीय स्तरीय आंदोलन होगा। जिसमें जिला महासमुंद, गरियाबंद, बलोदाबाजार, रायपुर, बिलाईगढ़, सारंगढ़ सहित धमतरी जिले के 74 सहकारी समितियों से कर्मचारी आंदोलन में शामिल होंगे। जिसके चलते समितियों द्वारा शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं जो संचालित की जाती है, वह पूरी तरह प्रभावित होगी। जैसे कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी, दलहन तिलहन ऋण वितरण, माइक्रो एटीएम का संचालन, सार्वजनिक राशन दुकान का संचालन, रबी ऋण वितरण, खरीफ ऋण वितरण आदि सभी कार्य प्रभावित होंगे। आंदोलन में समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक सहऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी, चौकीदार सहित समस्त समितियों में काम करने वाले दैनिक संविदा कर्मचारी आंदोलन में उपस्थित होंगे। लंबित तीन सूत्रीय मांग है-मध्य प्रदेश सरकार की भांति छत्तीसगढ़ में भी तीन लाख रुपए प्रति वर्ष प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए।

दूसरी मांग है सेवा नियम 2018 के आंशिक संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए, तीसरी मांग है धान खरीदी गत वर्ष 2023-2024 में धान परिवहन के पश्चात आई सूखत दिलाने आगामी वर्षों में धान में सूखत दिया जाए एवं समस्त कमिशनों को चार गुना बढ़ोतरी आदि दिया जाए। उक्त मांग यदि शीघ्र पूरी नहीं होती है तो 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी प्रभावित होने की पूर्ण संभावनाएं हैं। धान सूखत की भरपाई करते हुए समितियां निरंतर घाटे में जा रही है और कर्मचारियों को लगभग 8 वर्षों से वेतन बढ़ोतरी नहीं हुई है एवं 4 वर्ष से दिपावली पर्व पर बोनस नहीं मिल रहा है। एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना स्थल रायपुर तुता में भी धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन शासन प्रशासन को सौंपा गया था। उक्त जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दिया है।

### आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर दिया गया उद्बोधन

**धमतरी।** जिला आयुष विभाग धमतरी द्वारा बीते दिन राधाकृष्ण भवन धमतरी में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर नवम् आयुर्वेद दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक धमतरी डॉ. अवध पचौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर स्थल पर औषध प्रदर्शनी, आयुर्वेद नवाचार के लिए मॉडल, पोस्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

## निधन

### शंकर लाल साहू



**धमतरी।** ग्राम पंचायत पेंडरवानी निवासी रामायणी शंकरलाल साहू 88 वर्ष का तीन नवंबर को निधन हो गया। वे गैंदलाल साहू, ताम्रध्वज साहू के पिता, कामदेव साहू के नाना व लोकेंद्र साहू, दीपक साहू, देवेंद्र साहू के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को सुबह 10 बजे गांव के श्मशानघाट में किया जाएगा।

### प्रेमलाल साहू



**पुरूर।** ग्राम चिटौद निवासी समाज सेवक, संगीतज्ञ, गायक एवं कलाकार प्रेमलाल साहू उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। वे संतोष साहू, तुलाराम साहू, यशवंत साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन एवं ग्रामवासी काफी संख्या में शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किये।

### भैय्यालाल वट्टी



**नगरी।** गांव दुगली क्षेत्र के आदिवासी समाज के सक्रिय समाजसेवी सलाहकार भैय्यालाल वट्टी का आज गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान देहाँत हो गया। वट्टी परिवार व क्षेत्र के लिए अपूर्णनीय क्षति है। स्वर्गीय वट्टी को समाजजनों श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### सुलोचना साहू



**धमतरी।** ग्राम खमहरिया डोमा निवासी श्रीमती सुलोचना साहू का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे सेवा निवृत शिक्षक अमरसिंह साहू की धर्मपत्नी एवं डॉ. लोकेश साहू की मां थीं। उसकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित हुए।

मातर में रहा राउत नाचा, अखाड़चियों का करतब प्रदर्शन, डंगनी नाच सहित बैगाओं का अनुष्ठान विशेष आकर्षण

# मातर में दिखी छग संस्कृति की झलक





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिवाली त्योहार के अंतिम दिन गांव गांव मातर उत्सव का आयोजन हुआ। पशुधन और लोगों की समृद्धि के लिए विशेष अनुष्ठान हुए। मातर में राउत नाचा, अखाड़चियों का करतब प्रदर्शन, डंगनी नाच सहित बैगाओं का अनुष्ठान विशेष आकर्षण था। धमतरी शहर के ग्रामीण परिवेश वाले वार्ड में रविवार को गोकुलपुर मड़ई का आयोजन किया गया।

पांच दिवसीय दीपावली त्योहार का समापन रविवार को मातर उत्सव के साथ हुआ। ग्राम भानपुरी में सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया था। माता डिवहारिन को गोठान में स्थापित किया गया। इस दौरान कलशयात्रा भी निकाली गई। इसके बाद ठाकुर जोहार की रश्म हुई। जिसमें डांग डंगनी सहित ग्रामीणों को मातर उत्सव में शामिल होने का न्यौता दिया गया। ग्राम भटगांव में भी मातर उत्सव के दौरान अखाड़चियों ने कई हैरजअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया। कुम्हड़ा ढुलाई की रश्म निभाकर कुम्हड़ा को गोवंशियों के पैरों से तुड़ाया गया। इससे खिचड़ी बनाकर प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि अंचल में देमार, भानपुरी, भटगांव, कंडेल, देवपुर, कांशीपुरी सहित जिले के 50 से ज्यादा गांवों में मातर का आयोजन हुआ।

# गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में किया सुआ नृत्य





■ दीप जलाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में दीपावली के अवसर पर सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सुआ गीत में आकर्षक प्रस्तुति दी। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुआ नृत्य किया। इसके अतिरिक्त स्वीप के तहत दीप जलाकर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया। प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि दीपावली हर्षोल्लास का पर्व है। यह परंपरा प्राचीन है। दीपावली पर्व पर महिलाओं और युवतियों की टोली घर-घर जाकर सुआ के समक्ष गोलाकार बनाकर सुआ गीत गाकर नृत्य करती है एवं आशीष देती हैं। प्राचार्य ने स्वीप गतिविधि जागो वोटर जाबो कार्यक्रम 2024 के तहत वीडियो संदेश के माध्यम से आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

### ई रिक्शा व टिप्पर का किया गया शुभारंभ

**नगरी।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत नगरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अनुशंसा पर नगर पंचायत नगरी को 08 नई ई रिक्शा, 3 टिप्पर की सौगात मिली है।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### महामहिम राज्यपाल रामेन डेका से छात्र नेताओं ने किया मुलाकात

- विभिन्न शैक्षिक और सामाजिक विषय पर चर्चा हुई

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका गोवर्धन पूजा के दिन पूरे परिवार के साथ धमतरी आए थे। इस अवसर पर एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल ने महामहिम राज्यपाल से भेंट कर उनको राधा कृष्ण की चांदी की छायाचित्र भेंट कर उनका धमतरी के पावन भूमि में स्वागत करते हुए धमतरी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल को दिवाली की शुभकामनाएं देने के साथ ही धमतरी के प्रसिद्ध गोवर्धन पूजा के बारे में जानकारी भी छात्रों ने दिया। शुभम जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शैक्षिणक विषयों पर भी राज्यपाल रामेन डेका से चर्चा की। इस मौके पर छात्र सुभाष यादव भी मौजूद थे।

### मरादेव-गंगरेल के 82 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन तथा जिला संगठक निरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भीखमचंद साहू, आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर मरादेव तथा गंगरेल में आयोजित किया जिसकी थीम यूथ फार माय भारत रही। शिविर की शुरुआत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से की गई। ग्राम मरादेव से 56 व गंगरेल से 26 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वयंसेवकों ने मरादेव की गलियों, चौक-चौराहों, गंगरेल मुख्य मार्ग, आंगनबाड़ी परिसर समेत प्राथमिक शाला परिसर की साफ सफाई की। प्राथमिक शाला के बच्चों को स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुआ नृत्य का आयोजन भी किया। स्वयंसेवकों द्वारा मरादेव से लेकर गंगरेल तक स्वच्छता रैली, नशा मुक्त रैली, एड्स नियंत्रण एवं जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के उपाय बताए गए। मौके पर स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, विवेक साहू, संकेत कुमार साहू, विभा पाण्डे, मोनिका साहू, केसर साहू, संदीप, ओम मरकाम, रविकांत, रामानंद, प्रहलाद, कुलदीप, परमानन्द, अभिलाषा, वीणा, ललिता, खुशी साहू, नोमिता, टीना, भूमिका, माधुरी, योगेन्द्र निर्मलकर, गोपेश्वर, तिलेश्वरी, डोमेंद्री, आर्यन, लोचन, लक्ष्मण, कौशल उपस्थित थे।

यूपी के व्यापारियों ने रूद्री रोड में सजायी दुकान

# ठंड की दस्तक के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवंबर का माह लगते ही ठंडी हवाओं के साथ शीत ऋतु का आगमन हो गया है। अंचल में तापमान गिरने लगा है। सुबह शाम ठंड का अहसास होने लगा है। ठंड की दस्तक के साथ लोगों की दिनचर्या भी बदलने लगी है। इधर ठंड के आगमन के साथ बाजार में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। व्यापारी मौसम को देखते हुए गर्म कपड़ों का स्टाक रख लिए है। शहर में रूद्री रोड में यूपी के व्यापारियों ने गर्म कपड़ों का दुकान लगा रखा है जिसमें धीरे धीरे ग्राहकी बढ़ रही है। यूपी से आए दुकानदार बाबूलाल सिंह, शेर सिंह, भगवान सिंह, बहादुर सिंह आदि ने बताया कि वे पखवाड़े भर यूपी से आकर रूद्री मार्ग में गर्म कपड़ों की दुकान लगाते हैं। यह उनका दसवा साल है। हरसाल पांच माह के लिए दुकान लगाते हैं। उनके पास गर्म कपड़ों का भरपूर स्टाक है। इस वर्ष 10 से 12 दुकान लगी हैं। दुकानों में वुलन से बनी स्वेटर, मफलर, टोपी, लेडी स्वेटर, बाबाशुट, लेदर लुक जैकेट, पैराशुट जैकेट, फैबरिक जैकेट, स्पोर्टी जैकेट, शाल, जैकेट, गर्म कुर्ती, ओढ़ने, बिछाने के लिए फैंसी चादर, रजाई गद्दा आदि का रेंज उपलब्ध है। जिसकी कीमत 200 से लेकर 2500 रुपए तक है। उनका अनुमान है कि सर्दी बढ़ने के साथ ग्राहकी में तेजी आएगी।



दुकानदारों ने बताया कि सबसे ज्यादा युवावर्ग ही उनके ग्राहक हैं जिसके मुताबिक कम रेंज में कार्डिगन, टॉप, कुर्ती, जैकेट, ओवरकोट खरीदना अधिक पसंद करते हैं।

कपड़ा व्यापारी राजू पंजवानी ने बताया कि शीत ऋतु के लिए गर्म कपड़ों का स्टाक व्यवसायियों ने रख लिए है। स्वेटर, जैकेट, मफलर, टोपी, कंबल की मांग ज्यादा रहती है। पखवाड़े भर के अंदर ग्राहकी में तेजी आएगी। उनके यहां सभी रेंज के गर्म कपड़े उपलब्ध है।

#### दिल्ली लुधियाना से आता है कपड़ा

व्यापारी ललित जैन ने बताया कि शहर में सबसे ज्यादा दिल्ली, लुधियाना से गर्म और ऊनी कपड़े बाजार में आते हैं। यहां का मार्केट ओरिजनल ऊनी कपड़े प्रोडक्शन करती है। रेट भी वाजिब रहता है, जो शहरवासियों के बजट के अंदर रहता है। क्वालिटी अच्छा रहने के कारण हाथों हाथ बिक जाती है।

#### रजाई गद्दे का आर्डर मिला

रजाई गद्दों का निर्माण करने वाले मो.जिलानी ने बताया कि ठंड की दस्तक के साथ लोगों ने रजाई, गद्दों का आर्डर देना शुरू कर दिया है। वे मजदूरों के मध्यम से रजाई गद्दे की भराई का काम शुरू कर दिए हैं। एक रजाई के लिए पांच किलो में 60 से 80, 100, 200, 250 रुपए किलो के भाव से रुई मिलती है। इसी तरह गद्दा 10 से 20 किलो वजन का बनता है।

## नगरी ब्लाक के सहकारी कर्मचारी आज से हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- राशन दुकान, ऋण वितरण होगा प्रभावित

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी कर्मचारी संघ रायपुर के आहवान पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगरी ब्लॉक के सहकारी कर्मचारी भी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। उनकी हड़ताल से सहकारी समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानें, रबी फसल दलहन तिलहन ऋण वितरण, समर्थन मूल्य की धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होंगे।

हड़ताल में शामिल होने के लिये ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक 1 नवंबर को हुई थी जिससे अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने के विषयों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

इस दौरान सहकारी कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष उमाशंकर ध्रुव, उपाध्यक्ष भानेन्द्र साहू, बाबूलाल नेताम, विक्रम सिंह, सचिव यशु सोनी, सह सचिव किशोर मरकाम, कोषाध्यक्ष, जीवन साहू, संरक्षक, वासुदेव साहू, राजेश यदु, झुम्मन मंडावी, सुरेश निषाद, धर्मेन्द सिंह ठाकुर, कमलनारायण साहू सहित नंदकुमार नेताम असलम खान, डिकेश साहू, कमल, सहित सहकारी समितियों के कर्मचारियों की उपस्थिति में हड़ताल सहित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई।

## महापौर एवं सभापति ने की माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम में दीपावली के शुभ अवसर पर गुरूवार को महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह, एमआईसी सदस्य राजेश पांडे एवं कर्मचारियों द्वारा माता लक्ष्मी जी का पूजा-अर्चना कर मातारानी से धमतरी वासियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महापौर ने नगरवासियों के शांति,समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विजय देवांगन ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का त्योहार है।



उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को मिल-जुलकर मनाएं और समाज में प्रेम एवं भाईचारे का संदेश फैलाएं। महापौर ने सभी से सुरक्षित और खुशहाल दीपावली मनाने की शुभकामनाएं दीं, साथ ही दीप जलाने के साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखने की सलाह दी।

सभापति अनुराग मसीह ने दीपावली पर्व पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आपस में प्रेम भाईचारा के साथ रहकर दीपावली पर्व को मनाने की अपील की। इस अवसर पर कमल नारायण देवांगन, रामनारायण महेश्वरी, जनार्दन प्रसाद गौतम, चंद्र प्रकाश साहू, धर्मेश देवांगन, रुद्र निकेतन यादव, मुकेश साहू, चूरामणि सिसोदिया, महेंद्र राजपूत, महेंद्र साहू, डगेंद्र किरण, सुरेंद्र गुप्ता, आकाश यादव, योगेश रंगारी, दीपक खिलाड़ी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोलियारी में दिवाली पर सुआ नृत्य का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

प्रदेश व देश के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के शुभ अवसर पर मां वैभव लक्ष्मी संगठन के युवाओं के द्वारा माता लक्ष्मी जी की स्थापना धनतेरस के दिन की गई और नरक चौदस के दिन सार्वजनिक मंच पर छत्तीसगढ़ी परंपरा के चिन्हारी सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत, परमेश्वरी महेंद्र साहूसभापति जनपद कुरूद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ। श्री साहू ने कहा यह त्योहार वर्षों से चली आ रही परंपरा का घोतक है कि हम अपने धार्मिक, पारंपरिक,सांस्कृतिक मान्यताओं को मानते हुए यह त्योहार मना रहे हैं। भगवान राम के अयोध्या आने की खुशी से सुसज्जित दीपोत्सव का पर्व आपस में समरसता, भाई चारा, सौहाद्र के भाव पैदा करता है।



सुआ नृत्य इस त्योहार के उत्साह को दोगुना कर देता है। नन्ही बालिकाएं, माताएं सब मिलजुलकर गौरा गौरी पूजन एवं विभिन्न पौराणिक कथाओं के माध्यम से घर घर बधाई संदेश आशीष देने पहुंचती है। युवा साथियों ने इसे एक मंच प्रदान कर समस्त ग्रामवासियों को एक जगह एकत्रित कर हमारी संस्कृति की खुबसूरती को और बड़ा कर दिया है। परमेश्वरी महेंद्र साहू ने भी लोगों को संबोधित किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम लोकमाला, भखारा, द्वितीय कामिनी ग्रुप थुहा, तृतीय मोर नन पन के संगवारी कोलयारी, चतुर्थ हिमानी ग्रुप कोलियारी, पंचम पी एच एम ग्रुप संकरी रही। इस अवसर पर डी आर सोन, बिसौहा राम साहू, डॉ गैंदलाल साहू, रघुनंदन साहू, दरबारी साहू, इंद्रजीत साहू, कुलेश्वर साहू समिति के सदस्य रतन साहू, गिरधर, गुलशन,सूर्या, सत्या, पप्पू, दीपांशु परमेश्वर, रवि, राकेश, तमेंद्र, पमेंद्र सहित सभी सदस्य गण ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ राजू साहू ने की।

## महापौर ने गौमाता की पूजा अर्चना कर खिलाई खिचड़ी



**धमतरी।** माता लक्ष्मी जी की पूजा के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा किया जाता है प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महापौर विजय देवांगन ने सुभाष नगर,हटकेशर वार्डवासियों के साथ गोवर्धन पूजा त्योहार को पूरी हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम हटकेशर वार्ड में प्रतिवर्ष निकलने वाली गौरा गौरी के बारात का स्वागत अभिनंदन किया तत्पश्चात सुभाष नगर, हटकेशर वार्ड में गोवर्धन पूजा कर गौमाता को खिचड़ी खिलाया और शहर की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामनाएं की।

महापौर विजय देवांगन ने गौ माता को खिचड़ी खिलाकर कहा कि गाय को हमारी हिन्दू मान्यताओं में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। गाय को मां का दर्जा दिया गया है। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गौ माता भी सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी कोई संकट नहीं आता ऐसी मान्यता भी है।

इस अवसर पर कृष्णा देवांगन, गोवर्धन देवांगन, दशरथ देवांगन, श्याम देवांगन, लखन साहू, ईश्वर पटेल, छोटू साहू, गोविंद देवांगन, किरण साहेब, दिलीप देवांगन, कुमान सिंह, गुंजा बाई, रामबाई, सोहदराबाई यादव, कुंतीबाई यादव, सावित्री यादव, श्यामबाई, लाला यादव, मोहन यादव, राजेन्द्र यादव, मनोज यादव, नरेंद्र यादव, संजय रावटे, अशोक महाराज, गोलू ध्रुव, विनोद पटेल, प्रकाश पटेल सहित वार्ड की अनेक महिलाएं उपस्थित थे।

## खरतुली हनुमान मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा



**धमतरी।** खरतुली ग्राम में महादेव और हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया था। जहाँ पर वे अपनी टीम के साथ पहुंचे और जिसमें डाकेश्वर साहू, महेश कुमार, जतिन देवांगन शामिल थे।सर्वप्रथम पंडित जी द्वारा महादेव और हनुमानजी की पूजा अर्चना दीपक सिंह ठाकुर द्वारा करवाई गई एवं आशीर्वाद दिया गया। श्री ठाकुर ने समस्त ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की विशेषता यह है कि कोई भी सनातनी सिर्फ जन्म से ही सनातनी हो सकता है। इस धर्म को धारण नही किया जा सकता, हिन्दू सिर्फ पैदा होता है। दुनिया के अनेंको धर्मों में जो महापुरुषों का जन्म हुआ किसी ने स्वयं को ईश्वर का पुत्र, किसी ने ईश्वर का दूत बताया केवल सनातन धर्म ही ऐसा है धर्म है जिसमें कृष्ण अवतार में श्री कृष्ण ने कहा कि मैं ही ईश्वर हूँ, अपना विराट स्वरूप का दर्शन करवाया, अपनी छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत को उठा दिया, सृष्टि की उतपत्ति और अंत भी स्वयं को बताया। यशोदा मईया को अपने मुख में समूचा ब्रम्हांड दर्शन करवाया। ऐसे नारायण रूपी कृष्ण स्वयं समूचा ब्रम्हांड हैं। सनातन संस्कृति, परम्परा,धर्म का पालन ही जीवन मृत्यु की यात्रा को पूरा करने के बाद मोक्ष का द्वार खोलता है, एक सिर्फ हरि नाम ही आपको कलयुग के सारे कष्टों से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्राप्त करवाता है। अंत में तामेश्वर साहू एवं उनकी टीम द्वारा दीपक ठाकुर को मंदिर निर्माण में उनके द्वारा प्राप्त सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया।

## अरसीकन्हार में डे नाईट कबड्डी स्पर्धा का समापन

**नगरी।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम अरसीकन्हार के रंगमंच समीप राज्य स्तरीय एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नव युवा संगठन समिति के तत्वाधान में किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम 3025, दिव्तीय 2025, तृतीय 1025 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कबड्डी टीम को दिया गया। आयोजक समिति के संरक्षक देवराज ओटी ग्राम पटेल, घनश्याम नेताम, अध्यक्ष चुनेश कुमार, सचिव टेमन नेताम, उपाध्यक्ष परमेश बघेल, सदस्यगण संत कुंजाम, कुंज बिहारी ओटी, मुकेश नागवंशी, झामेश नेताम, लिलम्बर, खुलेश मरकाम, शिवा ओटी, तामेश नेताम आदि का कबड्डी प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा।

## मड़ेली में धूमधाम से गोवर्धन पूजा



**जी जामगांव।** मड़ेली में गोवर्धन पूजा पर्व धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया

## कलेक्टर ने दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा

**धमतरी।** सतर्क भारत समृद्ध भारत के तहत जिले में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### यादव बंधुओं ने गाय-बैल को रंग बिरंगी सुहाई और गैंठा पहनाया

# दीपावली पर पारंपरिक तरीके से हुई गौरी-गौरा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गांव गांव व नगर में गौरा जागरण का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन भव्य शोभायात्रा निकालकर गौरा जागरण का शुभारंभ किया जाता है। नगर में गौरा जागरण के शुभारंभ दो दिन पहले भव्य शोभायात्रा निकालकर की गई। गौरा गौरी जागरण को पारंपरिक शब्दों में गौरा जगाना कहते हैं । इस मौके पर शंकर पार्वती की वेशभूषा धारण कर कुछ लोग नाचते गाते दिखाई दिए। वहीं माताओं एवं कन्याओं ने ज्योति कलश धारण कर नगर का भ्रमण किया। गौरी गौरा जागरण विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

दिन गुरुवार को लोगों के द्वारा घरों पर माँ लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही अपने



पड़ोसी के घर मिठाई बांट एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दिए। वहीं छोटे छोटे बच्चे अपने घर के आंगन पर पटाके फोड़ कर खुशी मनाए। उसके बाद माताओं बहनों महिला पुरुष के द्वारा लक्ष्मी पूजा के दिन बाजे गाजे के साथ लोगों के घर पहुँच उनके यहां से मिले कलशों को छोटे छोटे बच्चे व महिला गौरा चौक पहुँचे। वहीं नगरी के जंगल पारा, लाईन पारा, पुरानी बस्ती, रानी दुर्गावती चौक और रामनगर में गौरा गुड़ी पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर शंकर पार्वती का विवाह कराया गया।



गोवर्धन पूजा के दिन लोगों द्वारा अपने गाय बैल को नहाला कर विधि विधान से पूजा कर सूपा में खिचड़ी खिलायी। साथ यह भी परंपरा के अनुसार एक दूसरे के घरों में जाकर मवेशियों को खिचड़ी खिलाई गई। वहीं यादव बन्धु जानवरों के मालिक के घर पहुँच कर गाय बैल को रंग बिरंगी सुहाई और गैंठा पहनाया। वहीं शनिवार को गोवर्धन भाठा पर शाम को यादव समाज के बन्धुओं द्वारा सांहड़ा देव का विधि विधान से पूजा अर्चना कर गाय के बछड़े को खिचड़ी खिलाया गया।



गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोवर्धन भाठा के मंच पर नन्द यादव,नागेंद्र शुक्ला, राघवेन्द्र वर्मा, ललित प्रसाद शर्मा, हृदय नाग, हेमलाल सेन, नरेश छेदैहा, बृजलाल सार्वा, ज्वाला प्रसाद साहू, रघुनंदन साहू, पेमन स्वर्णबेर, रुपेद्र साहू, प्रकाश पुजारी, अनिरुद्ध साहू, हरीश सार्वा, टीकम सेन, परसादी राम चंद्रवंशी, भरत साहू, दुलेश्वर गौर, सुरेश सोम, विक्की खनूजा, जीवन नाहटा, संतोष साहू, सुरेश साहू, हरीश साहू, अशोक पटेल, होरी लाल पटेल, नरेंद्र नाग, दीनदयाल सरपा, पिंटु सोम सहित सैंकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST )
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411